दिनांकः 22.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बीकानेर के पलाना से 26 हजार करोड रुपये की लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में आज आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देश के रेलवे स्टेशन, राजमार्ग, एयरपोर्ट आधुनिक हो, इसके लिए तीव्र गति से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के इन कार्यों पर पहले जितना पैसा खर्च होता था, आज उससे छह गुना ज्यादा खर्च किया जा रहा है।
रेल के आधुनिक नेटवर्क का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्टकचर विकास को नई गति दी जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि देश में 100 से ज्यादा अमृत स्टेशन पुनर्विकसित हो चुके हैं। इन स्टेशनों पर विकास के साथ विरासत का अद्‌भुत सांमजस्य देखने को मिलेगा। इससे पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की बात करते हुए कहा कि विभिन्न कार्यों के लिए केन्द्र सरकार की ओर से पिछले 11 सालों में अकेले राजस्थान में 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

000

ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना की ओर से की गई कड़ी कार्यवाही ने पाकिस्तान के हौसलो को पस्त कर दिया है। प्रधानमंत्री ने देशनोक रेलवे स्टेशन से देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्‌घाटन किया।
उन्होंने बीकानेर–मुबंई एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले प्रधानमंत्री देशनोक के करणी माता मंदिर गए और वहां पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और अश्विनी वैष्णव ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में राजस्थान को दी गई सौगात पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया।

000

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का प्रदेशभर में जश्न मनाया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारतीय सेना के प्रति सम्मान व्यक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बाड़मेर जिले में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। इसमें उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई शिरकत करेंगे। करौली में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। ये यात्रा माथुर स्टेडियम से शुरू होकर पुरानी कलेक्ट्री चौराहा पहुंचेगी।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर नागौर में जिला कलेक्टर कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से शाम 5 बजे ये नतीजे जारी करेंगे। इस दौरान वे तीनों संकायों में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले दो–दो विद्यार्थियों से फोन पर बात भी करेंगे। परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

000

राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025–26 में घोषित सभी नई मंडियों, गौण मंडियों और फूड पार्क के लिए निःशुल्क भूमि आवंटन की स्वीकृति दे दी है। इसके तहत संबंधित निकायों की ओर से 25 प्रतिशत डीएलसी दर पर मंडियों के लिए भूमि का आवंटन किया जाएगा। इनमें बीदासर, भिनाय, रूपनगढ़, टपूकड़ा, रामगढ़, नावां, खाटू खुर्द, सीमलवाड़ा, राजाखेड़ा और रियाबड़ी कृषि उपज मंडी शामिल हैं। वहीं सिरोही, माखूपुरा और बर में फल सब्जी मंडी बनाई जाएगी।

साथ ही भरतपुर की अनाज और सरसों मंडी को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। इसके अलावा अनूपगढ़ में मिनी फूड पार्क और सांचौर मेंएग्रो फूड पार्क बनाया जाएगा।

000

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभागों के कुछ हिस्सों में हीटवेव दर्ज होने की संभावना है। वहीं श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू और झुंझुनूं जिलों में कहीं–कहीं तेज लू चलने की आशंका व्यक्त की गई है। अगले 48 घंटों में तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढोतरी हो सकती है।

000